तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि **कांकेर भूमि**

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

10 संगठन विस्तार पर भाजपा का जोर बूथ व...



10 बिरनपुर शाला में मतदान से बाल कैबिनेट गठित...





## खबर संक्षेप



### 26 युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**कांकेर।** शासकीय आईटीआई बाबूकोहका चारामा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 26 छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान रक्तदान के महत्व और उससे जुड़ी भ्रांतियों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

### महिला को किया परेशान आरोपी युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** महिला सुरक्षा के प्रति शून्य सहनशीलता नीति के तहत युवती को मोबाइल पर अश्लील



कॉल कर प्रताड़ित करने वाले आरोपी राजकुमार सिन्हा निवासी कोकपुर को गिरफ्तार किया है। महिला हेल्पलाइन पर शिकायत मिलते ही महिला रक्षा टीम ने नया बस स्टैंड क्षेत्र से आरोपी को पकड़ लिया। उसके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 170, 126(2) एवं 135(3) के तहत कार्रवाई कर कार्यपालन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### डॉ. मुखर्जी के विचारों पर किया गया चिंतन



**कांकेर।** कांकेर के कमल सदन में भाजपा जिला इकाई द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने डॉ. मुखर्जी के त्याग व राष्ट्रसेवा को नमन करते हुए प्रदेश के सभी संभाग एवं जिला मुख्यालयों में उनकी प्रतिमाएं स्थापित करने की घोषणा की। मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश जैन ने उनके राष्ट्रवादी विचारों को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। विधायक आशाराम नेताम भी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश जैन ने की।

### शाला प्रबंधन समिति के रामरतन बने अध्यक्ष

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आमामकड़ा की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पुनर्गठन के दौरान रामरतन नेताम को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और विद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में शिक्षकों, अभिभावकों एवं समिति सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक विकास, स्वच्छता और नियमित उपस्थिति को लेकर सामूहिक रूप से कार्य करने का निर्णय लिया गया।

### भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी रथयात्रा

**कांकेर।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर समिति राजापारा कांकेर द्वारा वर्ष 2026 की रथयात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे नेत्र उत्सव एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात 16 जुलाई को शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की रथयात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी। 24 को पुनर्यात्रा तथा 26 जुलाई को अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

# आलपरस-गुमचुर की जंगल-पहाड़ी में नक्सलियों का डंप रायफल, लैपटाप व संचार उपकरण बरामद

*कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा पर घने जंगल और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया हथियारों और संचार उपकरणों से भरा डम्प सुरक्षा बलों ने खोज निकाला। इस कार्रवाई में दो .303 रायफल, कारतूस, लैपटॉप, टैबलेट, वायरलेस उपकरण, नक्सली वर्दियां और अन्य सामग्री बरामद होने से नक्सलियों की रणनीति को बड़ा झटका लगा है। यह सफलता सुरक्षा बलों के लगातार चल रहे सघन अभियान और बेहतर समन्वय का परिणाम मानी जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जिले के संवेदनशील एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम लगातार सर्चिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में 11 जुलाई 2026 को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत कांकेर-नारायणपुर बार्डर पर ग्राम आलपरस और गुमचुर के मध्य जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में विशेष अभियान संचालित किया गया। सघन तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को नक्सलियों द्वारा जमीन में छिपाकर रखा गया एक डम्प मिला। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दस्तावेजों की जांच कर सुरक्षा एजेंसियां नक्सली संगठन की गतिविधियों से जुड़े अहम सुराग जुटाने में लगी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सघन सर्चिंग, एरिया डोमिनेशन और खुफिया आधारित कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

**अलग खबर**

### तकनीकी टीम के माध्यम से लैपटाप से जानकारी को खंगाली जा रही



**वायरलेस बैटरियां, रेडियो सेट व वर्दियां भी बरामद**

*बरामद सामग्री में दो नग .303 रायफल, 32 नग .303 रायफल के राउंड, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, तीन वायरलेस बैटरियां, एक रेडियो सेट, दो नक्सली वर्दियां, पांच पोच, दो चार्जर, एक अतिरिक्त बैटरी तथा बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है। सुरक्षा एजेंसियां बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दस्तावेजों की जांच कर नक्सल संगठन की गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग जुटाने में लगी हैं।*

### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

*इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व बीएसएफ के सहायक कमांडेंट अंकुश कुमार, कोयलीबेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक निर्मल जांगड़े, बीएसएफ इंस्पेक्टर अनुज कुमार, उप निरीक्षक नवीन प्रकाश, उप निरीक्षक सौरभ यादव तथा डीआरजी टीम कमांडर सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र नेताम ने किया। अभियान में शामिल सभी सुरक्षा बलों की सतर्कता और समन्वय के चलते यह सफलता मिली।*

## धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं समाज की आस्था पर सीधा आघात

# शिव और बालाजी मंदिर के बीती रात ताले टूटे एवं संदिग्ध कैमरे में हुए कैद

*कांकेर शहर के सबसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले इलाके मरीन ड्राईव में स्थित शिव मंदिर, जहाँ पर रात 12 बजे तक लोगों का आवागमन बना रहता है, उस मंदिर में शनिवार की रात 12 बजे के बाद रविवार की सुबह लगभग 3 बजे अज्ञात चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पत्र को खंगाला, इसके अलावा बालाजी मंदिर का भी ताला तोड़कर मंदिर में सामान को इधर उधर खंगाला। घटना ने न केवल धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पांच दिन पहले शहर के दूसरे मंदिर और बीती रात के मंदिर में चोरी स्थल के आसपास खंगाले गए कैमरे में एक संदिग्ध नजर आया है, जिसकी तलाश जारी है।*



*स्क्वॉड व एफएसएल टीम ने शुरू की जांच*
***सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल***





कंकालिनपारा के शनि मंदिर की दान पेटी को चोर उठाकर ले गए, पानी टंकी के पास छोड़ा

बड़े शीतला मंदिर में सेंधमारी, मुकुट-छत्र एवं दानपेटी की नकदी पार, चोर हैं फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर के चहल पहल वाले स्थल मरीन ड्राईव में स्थित शिव मंदिर में रविवार 12 जुलाई की सुबह जब पहुँचे, तब देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था। उन्होने मंदिर समिति के अध्यक्ष अरूण कौशिक को जानकारी दिया। उन्होने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। कांकेर पुलिस मौके पर पहुँचकर चोरी करने की घटना का निरीक्षण किया। इ चोर ने पहले मंदिरों के मुख्य द्वार के ताले तोड़े और भीतर प्रवेश कर दानपात्र एवं अन्य स्थानों पर नकदी की तलाश की। काफी देर तक मंदिर परिसर में इधर-उधर खोजबीन करने के बावजूद उसे कोई बड़ी रकम या कीमती सामान हाथ नहीं लगा। सीसीटीवी खंगलाने पर पुलिस को मिला कि रविवार 12 जुलाई की सुबह लगभग साढ़े 3 बजे के आसपास एक संदिग्ध युवक पंचमुखी मंदिर की ओर वाले गेट से घुसा और 4 बजे के आसपास दूसरी छोर की ओर के गेट से निकला और आगे जाकर डीआईजी आफिस के पास बस में बैठकर निकल गया। यह संदिग्ध पांच दिन पहले शहर के अन्य मंदिर में हुई चोरी में नजर आया था। दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज का मिलान करने पर पुलिस को कई समानताएं दिखाई दी हैं। प्रारंभिक जांच में संदिग्ध का हुलिया, उसके चलने का तरीका लगभग एक जैसी प्रतीत हो रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों घटनाओं के पीछे एक ही चोर हो सकता है।

**खबर का असर**

### न पुलिस का खौफ, न कानून का डर मुख्य मार्ग के मंदिर में बेखौफ घुसा चोर

#### जानकारी जुटाई जा रही

*पुलिस अब दोनों घटनाओं के फुटेज का तकनीकी विश्लेषण कर रही है। संदिग्ध की पहचान के लिए आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है, ताकि उसके आने-जाने का रास्ता और गतिविधियों का पता लगाया जा सके। इसके अलावा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर संभावित संदिग्ध की जानकारी जुटाई जा रही है।*

#### संवेदनशील स्थानों की बढ़ाई जाएगी निगरानी

*एएसपी योगेश साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है। पुलिस ने यह भी कहा कि शहर में धार्मिक स्थलों सहित संवेदनशील स्थानों की निगरानी बढ़ाई जाएगी, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।*

## गोंड़ समाज का रूढ़िगत विधियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर संभाग की पहल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोंड़ समाज की परंपराओं, रीति-रिवाजों और रूढ़िगत विधि के संरक्षण को लेकर गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर संभाग ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय जनजाति आयोग सहित प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है। समिति ने आरोप लगाया है कि शासन-प्रशासन और राजस्व न्यायालयों द्वारा अनुसूचित जनजातियों की पारंपरिक व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है, जिससे आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि गोंड़ समाज की विवाह, उत्तराधिकार और सामाजिक परंपराएं सदियों पुरानी हैं तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3)(क) के तहत इन्हें विधिक मान्यता प्राप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोंड़ समाज में विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होते हैं तथा कोर्ट मैरिज की कोई परंपरा नहीं है। समिति का दावा है कि अनुसूचित जनजातियों पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 स्वतः लागू नहीं होता, फिर भी प्रशासनिक स्तर पर कई मामलों में हिंदू कानूनों के आधार पर निर्णय दिए जा रहे हैं, जिससे समाज की परंपराओं का उल्लंघन हो रहा है। समिति ने आरोप लगाया कि बस्तर संभाग के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में भूमि उत्तराधिकार और नामांतरण के मामलों में कस्टमरी लॉ की अनदेखी कर हिंदू पर्सनल लॉ के अनुरूप फैसले दिए जा रहे हैं। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 1985 के उस आदेश का भी ▶▶| शेष पेज 08 पर

**प्रेम विवाह के चार साल बाद रिश्ते में आई दरार, अब मामला थाने में**

## पति के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




प्रेम विवाह के बाद खुशहाल जीवन के सपने देखने वाली एक महिला ने अपने ही पति पर मारपीट, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

शिवनगर अटल आवास निवासी 22 वर्षीय उमेश्वरी यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उसने अपनी पसंद से विकेश कुमार सेठिया से विवाह किया था। दंपति का एक दो वर्षीय पुत्र भी है। विवाह के शुरुआती दिनों के बाद पारिवारिक संबंध बिगड़ने लगे और आए दिन विवाद की स्थिति बनने लगी। महिला का आरोप है कि उसका पति उसे घरेलू खर्च के लिए पर्याप्त राशि नहीं देता तथा अक्सर दूसरी शादी करने की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पति प्रतिदिन शराब के नशे में घर पहुंचता है और बिना किसी कारण अश्लील गाली-गलौज करता है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है और जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने अपने आवेदन में कहा है कि लगातार हो रही प्रताड़ना के कारण उसका और उसके छोटे बच्चे का जीवन असुरक्षित हो गया है। इसी वजह से उसने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार ▶▶| शेष पेज 08 पर

**गुणवत्ता की जांच के बाद भी निर्माण निरस्त करने की बात कह अब उसका पालन नहीं हो रहा**

## निरस्त पुल-पुलिया और सड़कों का फिर निर्माण, विभाग व ठेकेदार की मिलीभगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

सीतरम-नारायणपुर मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क एवं पुल-पुलियों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। विभागीय जांच में पहले ही कई निर्माण कार्यों को मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने के बाद निरस्त किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार द्वारा कथित रूप से उसी निरस्त पुलिया पर दोबारा सेंटरिंग कर निर्माण कार्य जारी रखने का मामला सामने आया है। इससे लोक निर्माण विभाग की निगरानी व्यवस्था और ठेकेदार पर कार्रवाई को लेकर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार सीतरम-नारायणपुर मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क और पुल-पुलियों में गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में निर्धारित मानकों



के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिया में बड़े-बड़े जंगली पत्थर का उपयोग किया गया, जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं और समाचारों के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है। इससे पहले लोक निर्माण विभाग की जांच में लगभग तीन किलोमीटर सड़क तथा तीन से चार पुल-पुलियों के निर्माण कार्य में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद उन्हें निरस्त कर दिया गया था। इसकी पुष्टि स्वयं लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ने भी की थी। इसके बावजूद आरोप है कि पुराने निर्माण को हटाए बिना उसी स्थान पर दोबारा सेंटरिंग कर निर्माण कार्य जारी रखा गया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी विभागीय जांच में निर्माण कार्य में गंभीर खामियां सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद ठेकेदार के खिलाफ अब तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभागीय कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि हर बार केवल जांच और नोटिस जारी करने तक ही कार्रवाई सीमित रहेगी, तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करना मुश्किल होगा।

लोक निर्माण विभाग नारायणपुर के एसडीओ संजय कुमार चौहान ने बताया कि लापरवाहीपूर्वक निर्मित पुलिया को विभाग द्वारा निरस्त किया जा ▶▶| शेष पेज 08 पर

***चारामा में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की मांग हुई तेज***

## व्यवहार न्यायालय की स्थापना अधर में, आज भी कांकेर की दौड़ जारी

*जिले की प्रमुख तहसील चारामा में व्यवहार न्यायालय (सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी) की स्थापना का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्षों से न्यायालय की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों को अब भी इंतजार करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि छोटे-छोटे दीवानी मामलों के निपटारे के लिए भी लोगों को जिला मुख्यालय कांकेर का रुख करना पड़ता है। इससे समय, धन और श्रम की अतिरिक्त हानि हो रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

न्यायालय की स्थापना में हो रही देरी को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने उत्तर बस्तर कांकेर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से चारामा तहसील में व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) का न्यायालय स्थापित करने की संभावनाओं के संबंध में वर्ष 2021 से 2024 तक लंबित दीवानी प्रकरणों की जानकारी मांगी थी। इसके बाद प्रधान जिला ▶▶| शेष पेज 08 पर




### व्यवहार न्यायालय की संघर्ष जारी

चारामा क्षेत्र में अब एक बार फिर व्यवहार न्यायालय की स्थापना की मांग तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि चारामा जैसे महत्वपूर्ण तहसील मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय की स्थापना समय की आवश्यकता है।

### ठोस पहल की जरूरत

*चारामा के नागरिकों का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, जनपद पंचायत सहित कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय पहले से संचालित हैं। ऐसे में व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए संसाधनों की कमी का तर्क लोगों की समझ से परे है। उनका मानना है कि यदि समय रहते आवश्यक पहल की जाती, तो क्षेत्र की बड़ी आबादी को न्यायिक सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकती थी।*

### ग्रामीण पर आर्थिक बोझ

*व्यवहार न्यायालय के अभाव का सबसे अधिक असर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर पड़ रहा है। छोटे-छोटे दीवानी विवादों, भूमि संबंधी मामलों और अन्य न्यायिक कार्यों के लिए बार-बार कांकेर जाना पड़ता है। इससे न केवल अतिरिक्त खर्च बढ़ता है, बल्कि कई बार लोगों को पूरे दिन का समय भी गंवाना पड़ता है।*



## खबर संक्षेप

### प्रधानाध्यापक ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव के प्राथमिक शाला मुलमुला के प्रधानाध्यापक भरतलाल नागवंशी ने अपने जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए संकुल की सभी शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच बिस्किट वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। प्रधानाध्यापक श्री नागवंशी ने कहा कि जन्मदिन का वास्तविक आनंद तभी है, जब उसकी खुशियाँ समाज और बच्चों के साथ साझा की जाएँ। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन, स्वच्छता और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संकुल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्री नागवंशी की इस प्रेरणादायी पहल की सराहना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की।

### बस से सूटकेस गुम होने पर उपभोक्ता आयोग का झटका

**कांकेर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांकेर ने महिंद्रा ट्रेवल्स को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए यात्री उत्कर्ष राठौर के पक्ष में फैसला सुनाया है। जगदलपुर यात्रा के दौरान बस की डिक्की में रखा राठौर का सूटकेस कंडक्टर की लापरवाही से दूसरे यात्री को दे दिया गया था। आयोग ने बस सेवा को 85,672 रुपये की क्षतिपूर्ति, वाद दायर करने की तिथि से 6 प्रतिशत ब्याज, 5,000 रुपये मानसिक पीड़ा तथा 5,000 रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर 9 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

### नवोदय चयन परीक्षा के लिए आवेदन 31 तक

**कोण्डागांव।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कोंडागांव में शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा–2027 का आयोजन 28 नवंबर 2026 को कोंडागांव जिले में किया जाएगा। प्रवेश पूरी तरह चयन परीक्षा के आधार पर होगा।

# शासकीय कार्यों में गुणवत्ता से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं

## जिला पंचायत सीईओ भोई ने विकास कार्यों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कोंडागांव, माकड़ी एवं फरसगांव विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण कर ग्रामीण विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों और उनकी गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मसोरा में निर्माणाधीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवन, ग्राम पंचायत भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्योंकी गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत केरावाही में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की जानकारी ली और सभी पात्र हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत भंडारशिवनी में वीबी–जी राम जी योजना एवं मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत सामुदायिक तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए निर्माणाधीन नए तालाब का भी अवलोकन किया तथा कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।



**मस्टर रोल और कार्यों का किया भौतिक सत्यापन**

*निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल और निर्माण कार्यों की माप का मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया, जिससे योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन की समीक्षा की जा सके। निरीक्षण के बाद अविनाश भोई ने अधिकारियों, अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों और समय–सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।*

## राहत : किसानों की शिकायत पर विभाग ने की कार्रवाई, कृषि के लिए बेहतर

# परलकोट जलाशय नहर किया साफ पानी पहुंचा खेतों तक व मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



धान रोपाई के महत्वपूर्ण समय में परलकोट जलाशय की दाहिनी नहर में पानी का प्रवाह बाधित होने से परेशान किसानों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई। ग्रामीणों की शिकायत पर जलसंसाधन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नहर में भरी गई मिट्टी हटवाई, जिसके बाद दोबारा पानी का प्रवाह शुरू हो गया। इससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है और अब धान रोपाई का कार्य फिर से गति पकड़ने लगा है।

जानकारी के अनुसार परलकोट जलाशय की दाहिनी पट्टी नहर के गेट की मरम्मत का कार्य चल रहा था। इस दौरान निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा गेट के समीप बहने वाले पानी को रोकने के लिए मिट्टी भर दी गई थी। इसके कारण नहर में पानी का प्रवाह पूरी तरह बंद हो गया और सिंचाई के लिए नहर पर निर्भर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना बंद हो गया। धान रोपाई के मौसम में अचानक पानी रुकने से किसान चिंता में पड़ गए और फसलों पर संकट मंडराने लगा। समस्या गंभीर होने पर ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन के समक्ष अपनी परेशानी रखी। शिकायत मिलते ही जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विभाग ने तत्काल जेसीबी मशीन लगाकर नहर में भरी गई मिट्टी हटाने का कार्य शुरू कराया। कुछ ही समय में अवरोध हटते ही नहर में पानी का प्रवाह फिर से शुरू हो गया। नहर में पानी पहुंचते ही क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो धान रोपाई प्रभावित होने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता था। समय पर समाधान होने से अब खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचने लगा है और कृषि कार्य सामान्य रूप से जारी है। किसान संजय सरकार, अर्जुन विश्वास, सहदेव विश्वास, मुकेश बर सहित सैकड़ों किसानों ने समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए प्रशासन एवं जलसंसाधन विभाग का आभार व्यक्त किया। किसानों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सिंचाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग इसी तरह संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा, ताकि खेती-किसानी प्रभावित न हो और किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिलता रहे।

# आज से 18 तक एचपीवी विशेष टीकाकरण सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए पात्र बालिकाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

**6,720 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य** – स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में लगभग 6,720 पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिन बालिकाओं का अब तक टीकाकरण नहीं हो सका है, उन्हें इस विशेष अभियान के दौरान शामिल किया जाएगा।

**हर विकासखंड में बनेगा माइक्रोप्लान** – अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विकासखंडों में माइक्रोप्लान तैयार किए जाएंगे। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा नियमित टीकाकरण सत्रें और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा।

**यू–विन पोर्टल पर होगी रियल–टाइम निगरानी** – प्रत्येक लाभार्थी का विवरण यू–विन पोर्टल पर तत्काल दर्ज किया जाएगा, जिससे अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

**अभिभावकों से स्वास्थ्य विभाग की अपील** – मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी ने अभिभावकों से अपनी पात्र बेटियों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या निर्धारित टीकाकरण सत्र में ले जाकर निःशुल्क एचपीवी टीका लगवाने की अपील की है।

**सुरक्षित और प्रभावी बचाव का माध्यम** – स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। विभाग ने आमजन से अभियान में सक्रिय सहयोग कर पात्र बालिकाओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की है।

# स्पेशल लोक अदालत 18 को, तैयारी बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत धारा 138 एन.आई. एक्ट चेक बाउंस प्रकरण की तैयारियों को लेकर कोण्डागांव के मध्यस्थता केंद्र में अधिवक्ताओं एवं बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल ने कहा कि स्पेशल लोक अदालत का उद्देश्य चेक बाउंस मामलों का त्वरित, सरल एवं आपसी सहमति से निराकरण करना है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम होगा।

बैठक में सभी बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने–अपने बैंक के लंबित चेक बाउंस प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकाधिक मामलों को स्पेशल लोक अदालत में प्रस्तुत करने तथा संबंधित पक्षकारों से पूर्व संपर्क कर समझौते के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराने में सहयोग करें।

बैठक में बैंक अधिकारियों को न्यायालय के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक अभिलेख समय पर उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने की।

# सातगांव संकुल में शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल केंद्र सातगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं शिक्षकों का विदाई समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया, वहीं शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सात शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लच्छन नेताम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवक राम दीवान उप सरपंच एवं महेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य संजय कुमार राठौर ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा को जीवन की सफलता का आधार बताया।

**इनका किया गया सम्मान** – समारोह में देवेंद्र कुमार रंगारी, जीवन कुमार पांडे, नोहरु नेताम, चुम्मन ठाकुर, शैलेंद्री सिन्हा, महेंद्र कुमार देवांगन एवं अनिता भुआर्य को शाल, श्रीफल एवं स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनके दीर्घ सेवाकाल, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का संकल्प लिया। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# कलेक्टर ने कोपाबेड़ा शासकीय उद्यान रोपणी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को कोपाबेड़ा स्थित शासकीय उद्यान रोपणी का निरीक्षण कर उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रोपणी के चरणबद्ध आधुनिकीकरण तथा उच्च गुणवत्ता वाले पौध उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

**फसलों का होगा वैज्ञानिक श्रेणीकरण** – निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न उद्यानिकी फसलों का अलग–अलग श्रेणीकरण कर उन्हें व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों एवं आमजन को विभिन्न प्रजातियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके।

**ड्रैगन फ्रूट और उन्नत आम की खेती पर विशेष जोर** – कलेक्टर ने रोपणी में ड्रैगन फ्रूट तथा आम की उन्नत किस्मों के फ्रंटलाइन डेमोन्स्ट्रेशन प्रदर्शन प्लॉट स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे किसान आधुनिक बागवानी तकनीकों से परिचित हो सकें।

**किसानों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण पौधे** – उन्होंने सब्जी वर्गीय फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले पौध तैयार करने के लिए आवश्यक संरचनाएं विकसित करने तथा किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त सीडलिंग उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

**रोपणी बनेगी आदर्श प्रशिक्षण केंद्र** – कलेक्टर ने रोपणी परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे किसानों के लिए एक आदर्श प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

**अधिकारी रहे मौजूद** – निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती करूणा कश्यप, रोपणी प्रभारी लोकेश्वर प्रसाद सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 07 के शेष

### गोंड़ समाज ने रूढ़िगत...

पेज 07 के शेष

उल्लेख किया गया है, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के उत्तराधिकार मामलों का निराकरण उनकी स्वीय विधि के अनुसार करने की बात कही गई थी। समिति ने पेसा अधिनियम, 1996 के तहत ग्राम सभाओं को प्राप्त अधिकारों का हवाला देते हुए मांग की कि अनुसूचित जनजाति की युवतियों के कोर्ट मैरिज मामलों में ग्रामसभा की अनुशंसा, निवास प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन में ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए गोंड़ समाज की पारंपरिक व्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

### पति के खिलाफ मारपीट व...

लगाई है तथा पति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने महिला की लिखित शिकायत प्राप्त कर मारपीट करने वाले पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 15(2), 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### निरस्त पुल-पुलिया और...

चुका था। यदि उसी स्थान पर दोबारा सेंटरिंग कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि सोमवार को विभागीय इंजीनियर को मौके पर भेजकर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### व्यवहार न्यायालय की...

एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय ने संबंधित ज्ञापन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कांकेर को आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे। हालांकि प्रशासन की ओर से न्यायालय को भेजी गई रिपोर्ट में किन तथ्यों या कारणों का उल्लेख किया गया, इसकी अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा है कि प्रशासन ने न्यायालय की स्थापना के लिए आवश्यक भवन, संसाधन एवं अन्य व्यवस्थाओं के अभाव का हवाला देते हुए प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया। इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### मोदी की बात से प्रेरित हो दिलीप गढ़ रहे हैं मूर्तियां

*केशकाल। गणेशोत्सव और शारदीय नवरात्रि को लेकर प्रतिमाओं का निर्माण तेजी से चल रहा है। केशकाल के बंगाली केम्प मे उड़ीसा के मूर्तिकार दिलीप तरफदार द्वारा इस वर्ष पूरी तरह मिट्टी से भगवान गणेश एवं मां नवदुर्गा की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। दिलीप तरफदार ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरित होकर प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की प्रतिमाएं नहीं बनाते, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केवल मिट्टी की प्रतिमाओं का निर्माण करते हैं। उनका कहना है कि मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं और विसर्जन के बाद जल स्रोतों को कम नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने के लिए हैदराबाद के विशेष रंगों का उपयोग किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की मांग के अनुसार फोटो या गूगल पर उपलब्ध डिजाइन के आधार पर भी प्रतिमाएं तैयार की जाती हैं। दिलीप तरफदार के अनुसार प्रतिमाओं की कीमत आकार, डिजाइन और कलात्मक कार्य के आधार पर 5,000 से 40,000 तक है। गणेशोत्सव और नवरात्रि को देखते हुए प्रतिमाओं की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है और वे समय पर सभी ऑर्डर पूरे करने में जुटे हुए हैं।*

### निधन



**सीमा खटवानी**

*कांकेर। शहर के आमापारा निवासी सीमा खटवानी का 10 जुलाई को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। उनके निधन से परिवार, समाज और शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम कांकेर में11 जुलाई को किया गया। आज उनकी पगड़ी रस्म है।*

# श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने प्रशासनिक सहयोग की मांग

## गांव-गांव पहुंचकर श्रमिकों को संगठित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ मजदूर शक्ति संघ ने बुधवार को जिला मुख्यालय में कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तावित सदस्यता अभियान एवं श्रमिक सहायता शिविर के सफल संचालन के लिए प्रशासनिक सहयोग की मांग की।

संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अभियान के उद्देश्यों एवं श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना ने संघ के प्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनी और नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि संघ द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय तक पहुंचकर निर्माण श्रमिकों को संघ की सदस्यता से जोड़ा जाएगा। साथ ही श्रम विभाग के श्रम मंडल में उनका पंजीयन कराकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान श्रमिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम विभाग की सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उनका कहना था कि जानकारी के अभाव में अनेक श्रमिक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, इसलिए यह अभियान श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**संवैधानिक अधिकारों के तहत संचालित होगा अभियान**

*संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि सदस्यता अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, वैधानिक एवं संगठनात्मक होगा, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ब) के तहत प्राप्त अधिकारों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। संघ ने जिला प्रशासन से अभियान के सफल संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।*

**ये रहे उपस्थित**

*ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़वाल, संभागीय अध्यक्ष सुनील कुमार रत्नाकर तथा जिला अध्यक्ष संजय लाला सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ ने जिले के अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने और उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।*

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए आवेदन शुरू

**दंतेवाड़ा।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना करन्दुल अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 एवं सहायिका 1 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना किरन्दुल अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलनार सरपंचपारा तथा ग्राम पंचायत हिरोली स्कुलपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पद है। इसके लिए 10 से 25 जुलाई तक आवेदन कर सकते है।

### गीता सोम पुजारी के नेतृत्व की सराहना




**बीजापुर।** पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी अरविन्द पुजारी ने नगरपालिका परिषद बीजापुर की अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की जनसेवा, सक्रिय कार्यशैली एवं जनता के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व नगर के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गीता पुजारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनती हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहती हैं। उनकी सेवा भावना, कर्मठता, सहज व्यवहार और जनहित के प्रति समर्पण ने उन्हें नगरवासियों के बीच एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देना, आम नागरिकों से निरंतर संवाद बनाए रखना तथा हर वर्ग के लोगों के हित में कार्य करना उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता है। यही कारण है कि आज वे जनता का विश्वास और स्नेह लगातार प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में नगरपालिका परिषद बीजापुर जनसेवा, विकास और सुशासन के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित करती रहेगी।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ

**जगदलपुर।** शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में तृतीय चरण की काउंसलिंग 16 जुलाई तक तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शुरू की गई। बस्तर संभाग की छात्राएं त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, विकल्प चयन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं।

# जागरूकता का असर, 1098 पर मिली सूचना के बाद पीड़ित बच्चों का रेस्क्यू, एफआईआर दर्ज

## महिला एवं बाल विकास विभाग के अभियानों का दिखने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर ने जिले में बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से स्कूलों, पंचायतों और समुदायों में प्रचार-प्रसार कर रहा है। जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयासों से आमजन अब बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण के प्रति अधिक सजग हुए हैं। इसी का असर है कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के साथ हो रहे शोषण की सूचनाएं अब सीधे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त हो रही हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में 1098 पर प्राप्त 2 सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने तत्काल संज्ञान लिया। पीड़ित बालक, बालिका को त्वरित सहायता, परामर्श और सुरक्षा प्रदान करते हुए मामले में विभाग द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पीड़ित को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



### बाल शोषण की जानकारी 1098 पर दें

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शोषण का शिकार न हो और यदि ऐसा होता है तो उसे तुरंत न्याय मिले। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 24x7 निःशुल्क सेवा है। किसी भी व्यक्ति को बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की जानकारी मिले तो वह बिना डरे 1098 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम या लापता बच्चों की जानकारी तुरंत 1098 पर दें। समय पर सूचना से बच्चों को बचाया जा सकता है और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

### सुकमा एसपी चव्हाण का स्थानांतरण, अब नई जिम्मेदारी

# सुरक्षा और विकास को दी नई दिशा, नक्सल मोर्चे पर उपलब्धियों के लिए रहेंगे याद

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी पुलिस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण का तबादला बालोद जिले में किया गया है। उनके स्थानांतरण के साथ ही सुकमा में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और जिले में आए सकारात्मक बदलावों की चर्चा तेज हो गई है।

कभी नक्सल हिंसा के लिए देशभर में चर्चित रहे सुकमा में एसपी किरण चव्हाण के नेतृत्व में पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियानों को नई धार दी। उनके कार्यकाल में कई इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, अनेक नक्सली गिरफ्तार हुए तथा बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों और जिला पुलिस के समन्वित अभियान से नक्सल संगठन पर लगातार दबाव बना रहा।

## केंद्रीय सुरक्षा बलों और जिला पुलिस के समन्वित अभियान ने दिलाई सफलता

### पुलिस के प्रति बढ़ाया विश्वास

एसपी श्री चव्हाण ने केवल नक्सल विरोधी कार्रवाई तक ही अपने दायित्व को सीमित नहीं रखा, बल्कि जनविश्वास बढ़ाने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रयास किए। दूरस्थ गांवों में जनसंपर्क अभियान, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल तथा पुलिस-जन संवाद कार्यक्रमों ने ग्रामीणों और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत किया।

### शासन की योजनाओं का विस्तार हुआ तेज

बेहतर सुरक्षा माहौल का असर विकास कार्यों पर भी दिखाई दिया। जिन क्षेत्रों में कभी भय का वातावरण था, वहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन की योजनाओं का विस्तार तेज हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में भी सुकमा पुलिस का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।



### गलती पर डांट नहीं बल्कि मिलती थी समझाइश

सुकमा जिले में शानदार 5 वर्ष पूरा कर चुके एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने कहा कि चव्हाण सर के कार्यकाल में बहुत कुछ समझने व सीखने का अवसर मिला, वे हमेशा एक पालक की भूमिका मे ही रहते थे। चव्हाण सर नक्सल ऑपरेशन के दौरान किसी भी तरह की गलती पर डांटने के बजाय समझाइश देते हुए कार्य को और बेहत्तर बनाने की दिशा में निर्देश देते थे।

### कुशल रणनीतिक सोच के धनी थे पुलिस अधीक्षक

वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि पुलिस अधीक्षक किरण सर का कार्यकाल केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और जनसेवा का एक प्रेरणादायक अध्याय रहा। श्री चव्हाण की दृढ़ इच्छाशक्ति, रणनीतिक सोच और अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर नक्सल चुनौती से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया तथा जिले में शांति और विश्वास का वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए किया जाएगा याद

बालोद के लिए स्थानांतरित होने के साथ एसपी किरण चव्हाण अपने पीछे एक ऐसा कार्यकाल छोड़कर जा रहे हैं, जिसे नक्सल प्रभावित जिले में प्रभावी नेतृत्व, बेहतर समन्वय और जनकेंद्रित पुलिसिंग के लिए याद किया जाएगा। जिले के नागरिकों और पुलिस अधिकारियों को उम्मीद है कि उनके द्वारा शुरू किए गए प्रयास आगे भी जारी रहेंगे और सुकमा शांति, सुरक्षा एवं विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

### सबसे लंबे समय तक रहने का रिकार्ड

2018 बैच के आईपीएस अधिकारी किरण चव्हाण के नाम एक नया रिकॉर्ड भी है। 29 मई 2023 को बतौर पुलिस अधीक्षक सुकमा का पदभार संभालते हुए शानदार 3 वर्ष से ज्यादा वक्त तक रहे जो छत्तीसगढ़ पुलिस में ज्यादा समय तक रहने का रिकार्ड बन गया है। हालांकि पुलिस अधीक्षक से पूर्व सुकमा में ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर भी वे कार्य कर चुके है।

# तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्राओं का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

- परचनपाल स्कूल में गूंजे स्वागत गीत, नवप्रवेशी छात्राओं को बांटी गईं किताबें

प्राचार्य एआर नोन्हारे के निर्देशन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शाला प्रवेश उत्सव में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी, रंगारंग प्रस्तुति एवं शिक्षकों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों ने माता सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिसमें नव प्रवेशी छात्राओं ने हिस्सा लिया। पूर्व छात्राओं ने नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत में गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए 1 प्राचार्य ने नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया । नवप्रवेशी छात्राएं काफी उत्साहित एवं प्रसन्नचित हुए। इस नए संस्था में नवप्रवेशी छात्राओं ने अपने विचार भी साझा किए उन्होंने कहा कि संस्था बहुत अच्छा है। सभी शिक्षक एवं छात्राएं बहुत अच्छे एवं अनुशासनप्रिय हैं। हम भी बहुत अच्छे से अनुशासित रहते हुए लगन से पढ़ाई करेंगे और आगे बढ़ेंगे। शिक्षक प्रद्युत कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक ,मीनाक्षी पांडेय व्याख्याता एवं प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कु आरती कोसले ने किया। समस्त छात्राओं ने शाला प्रवेशोत्सव के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को धन्यवाद प्रेषित किया।

# छिंदबहार में स्वच्छता रैली, पानी में तेल छिड़ककर लार्वा नष्ट करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार ने कलेक्टर आकाश छिकारा के आह्वान पर कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के नेतृत्व में मलेरिया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस अवसर स्वयं सेवकों ने रैली के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया। बताया गया की घर के आस पास पानी इकट्ठा न होने दें। यदि पानी इकट्ठा हुआ हो तो उसमें मिट्टी तेल, पेट्रोल, डीजल, जला इंजन आयल का छिड़काव करने से पानी में बनने वाला लार्वा खत्म हो जाता है। इस दौरान स्वयं सेवकों को भी निर्देश दिया गया की अपने अपने ग्राम पंचायत और मोहल्लों में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने का जिम्मेदारी दिया गया। दीवार लेखन कर इस अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवक दिलीप कश्यप, मनोज नाग, पिंटू, अंकिता, काजल, अनुराधा, लच्छिनी, कुमकुम, भारती सम्मिलित रहें।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेंटर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## भाजपा जिला व्यापारी प्रकोष्ठ गठित, व्यापारिक समस्याओं का समाधान

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कांकेर जिला व्यापारी प्रकोष्ठ के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति के अनुसार गौतम लुंकड़ को कांकेर जिला व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, जबकि नीलू तिवारी एवं विजयेन्द्र शुक्ला को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारी वर्ग और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में व्यापारी प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। साथ ही व्यापारी समाज और भाजपा संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। तीनों पदाधिकारियों को संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सामाजिक सक्रियता पर भरोसा जताया है।



## जन-जन तक पहुंचेगी भाजपा की योजनाएं, मंडल बैठक में तय की संगठन की नई दिशा

# संगठन विस्तार पर भाजपा का जोर, बूथ व डिजिटल की कमान कार्यकर्ताओं को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार की। मंडल की मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही डिजिटल प्रशिक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उन्हें संगठन विस्तार की नई जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

■ शक्ति केंद्रों और बूथों तक पार्टी गतिविधियां पहुंचाने तथा जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान

भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार की संगठनात्मक मासिक बैठक पिछड़ा वर्ग भवन में मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ही आती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी तय करना समय की आवश्यकता है। बैठक में आगामी संगठनात्मक अभियानों की रणनीति तैयार करते हुए कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। इसके लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर तक नियमित संपर्क बनाए रखने, आम जनता की समस्याएं सुनने तथा संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने, समाज के हर वर्ग के साथ संवाद बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की सफलता प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, अनुशासन एवं सेवा भावना पर आधारित है। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।



### कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

बैठक के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल द्वारा संचालित डिजिटल प्रशिक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि बदलते समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म संगठन विस्तार का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल संसाधनों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, संगठन की गतिविधियों और जनहित के संदेशों को तेजी से आम लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

इस अवसर पर पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी माखन मांडवी, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंचूराम नायक, पूर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, अजजा मोर्चा जिला मंत्री लक्ष्मी चिराम, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नितेश सलाम, रमेश साहू, ताकेश धनकर, मधुसूदन साहू, देवेंद्र यदु, अशोक कचलम, विनोद रावते, किशोर मांडवी, हेमलाल गढ़िया, अंकित टावरी, मधु मांडवी, सालिक कुलदीप, युवा मोर्चा महामंत्री प्रिंस पाण्डेय, उपाध्यक्ष अजय पटेल, निर्मल यादव, विक्की मांडवी, वैद कुलदीप, विकास जैन, रतिराम अमिला, कृष्णा साहू, सुधांशु साहू, श्रीराम दुग्गा सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिरनपुर शाला में मतदान से बाल कैबिनेट गठित, भवानी पीएम बनीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

लोकतांत्रिक मूल्यों को व्यवहारिक रूप से विद्यार्थियों तक पहुंचाने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से नरहरपुर विकासखंड की शासकीय पूर्व माशा बिरनपुर में आम चुनाव की तर्ज पर बाल कैबिनेट का निर्वाचन कराया गया। मतदान से लेकर मतगणना तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। विद्यालय के 52 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई।

प्रधानमंत्री पद के लिए भवानी नेताम, दुलेश्वरी यादव, कौशल धुर्वा और तेजस्वी सेन के बीच मुकाबला हुआ। मतगणना में भवानी नेताम को 28 मत प्राप्त हुए और वे प्रधानमंत्री निर्वाचित घोषित हुईं, जबकि दुलेश्वरी यादव 17 मतों के साथ उपप्रधानमंत्री चुनी गईं। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। शिक्षक चंद्रहास सिन्हा तथा शिक्षिकाएं अनीता नेताम और नलिनी पटेल के मार्गदर्शन में नवगठित बाल मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। इसमें खुशबू पटेल को वित्त मंत्री, लालिमा मरकाम को शिक्षा मंत्री, पुष्पांजलि पोया को खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री, वैदेवी सेन को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री, तेजस्वी सेन को कानून एवं अनुशासन मंत्री तथा अनन्या मरकाम को पर्यावरण मंत्री सहित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां सौंपी गई और साथ ही कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के कक्षा नायकों का भी चयन किया गया।

कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष धनेश नेताम ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि बाल कैबिनेट के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक संस्कार, टीमवर्क और उत्तरदायित्व की भावना का प्रभावी विकास होगा।

## पटेल जयंती पर दुर्गूकोंदल थाना परिसर में पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर थाना दुर्गूकोंदल परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना था।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुनील दुबे ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरण के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने एक व्यक्ति-एक पौधा/" का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल शासन-प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

वहीं पूर्व सरपंच श्रीराम बघेल ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और स्वस्थ वातावरण का आधार बनेगा। कार्यक्रम में अशोक जैन, मुन्ना सिन्हा, विनोद पारख, शिवचरण सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक महावीर मिश्रा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी सुनील ने शांति समिति की बैठक ली एवं मांगा जनसहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल थाना के नवपदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहल करते हुए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था, सामाजिक परिस्थितियों एवं विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुनील दुबे ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पुलिस और जनता के आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। असामाजिक तत्वों और अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। थाना प्रभारी ने बढ़ते साइबर अपराधों पर भी चिंता जताते हुए लोगों को फर्जी ओटीपी, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी और साइबर ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलित पुलिस व्यवस्था के माध्यम से साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक के दौरान नागरिकों ने ट्रैफिक व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के प्रबंधन, नशाखोरी तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर थाना प्रभारी ने गंभीरता से कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सरपंच शकुंतला नरेटी, पूर्व सरपंच श्रीराम बघेल, मुन्ना सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए बेहतर पुलिसिंग और जनसहयोग के माध्यम से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रोहित सलाम को ग्रामीणों ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

ग्राम पंचायत मुड़पार दखनी में शासकीय प्राथमिक शाला के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रोहित सलाम के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। लगभग 18 वर्षों तक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवाएं देने वाले रोहित सलाम ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, शाला परिवार, महिला समूहों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। रोहित सलाम का जन्म 12 मई 1964 को ग्राम सारंडा में हुआ। उनकी पहली नियुक्ति 24 जनवरी 1984 को प्राथमिक शाला दुधावा में हुई थी। इसके बाद उन्होंने मरकाटोला, चारभांठा तथा वर्ष 2008 से मई 2026 तक प्राथमिक शाला मुड़पार दखनी में प्रधानाध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा को समाज निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन और निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के बाद ग्रामीणों ने बाजे-गाजे और डीजे के साथ उन्हें सम्मानपूर्वक उनके गृह ग्राम सारंडा तक विदा किया। इस अवसर पर सरपंच गंगाराम शोरी, उपसरपंच राजकुमार कश्यप, ग्राम पटेल अमर सिंह कुमेटी, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, महिला समूह, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के ईश्वर सहप्रभारी बने

**चारामा।** छत्तीसगढ़ विकलांग मंच के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य ईश्वर छाटा को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एनजीओ प्रकोष्ठ एवं बस्तर सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। लंबे समय से सामाजिक सेवा और दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय ईश्वर छाटा की संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह दायित्व दिया गया है। समर्थकों ने विश्वास जताया कि वे संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों को नई दिशा देंगे।



## हाराडुला में शाला प्रवेशोत्सव जनप्रतिनिधियों होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन आज सोमवार 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे भवानी रंगमंच, बाजार चौक हाराडुला में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करना तथा शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।

आयोजित कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया जाएगा। साथ ही शिक्षा के महत्व पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने विकासखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने तथा शिक्षा अभियान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग, विकासखंड चारामा द्वारा निभाई जा रही है।

## पुलिस ने चौपाल में आत्महत्या की रोकथाम साइबर सुरक्षा व नशामुक्ति का दिया संदेश

**पखांजूर।** ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना पखांजूर अंतर्गत ग्राम पीवी 08 चाणक्यपुरी में पुलिस जनसंवाद एवं चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक चला, जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार कुर्रे एवं एसडीओपी रवि कुमार कुजूर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए क्षेत्र में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों से मानसिक तनाव की स्थिति में परिवार, समाज और पुलिस का सहयोग लेने तथा किसी भी परिस्थिति में आत्मघाती कदम न उठाने की अपील की। एसडीओपी रवि कुमार कुजूर ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने और डिजिटल सुरक्षा अपनाने की सलाह दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए गुड टच-बैड टच, बाल अपराध और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार कुर्रे ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देते हुए युवाओं से गांजा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का आव्हान किया। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला। अंत में अधिकारियों ने गांव में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस ने बताया कि अपराध संबंधी सूचना के लिए 94791 55125 हेल्पलाइन संचालित है, जिस पर सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ, ग्राम प्रमुखों, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं, युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
ADMISSION NOTIFICATION
SESSION
JULY 2026-27
25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।
ADMISSION OPEN
विश्वविद्यालयीन कोर्स
Recognized by UGC | Approved by DEC | Approved by Govt. of CG
INFORMATION TECHNOLOGY: DCA/PGDCA/BCA/M.Sc. [IT]
COMMERCE: M.Com. B.Com.
SCIENCE: B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT: MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD
ARTS: BA/MA/ B.LIB/M.LIB/ PGDRD/MSW
पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि पाठक सूचना
चारामा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : संजय सिन्हा
श्रीराम न्यूज एजेंसी
पता : चारामा
मो. 7879090901

राधास्वामी पगड़ी रस्म जय महाकाल



स्व. श्रीमती सीमा खटवानी
(जन्म- 06.02.1962, निवार्ण- 10.07.2026)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पत्नी श्रीमती सीमा खटवानी का स्वर्गवास दिनांक 10/07/2026 को हो गया है। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पगड़ी रस्म का आयोजन नीचे दिए गये स्थान और समय पर किया जावेगा। अतः आप सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित करेंगें।

कार्यक्रम
दिनांक : 13/07/2026 दिन- सोमवार
समय- दोपहर 1 बजे...
स्थान : पुराना कम्युनिटी हॉल, कांकेर

नोट- महिलाओं की बैठक का स्थान पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर ही रहेगा।

:: फर्म ::
मुस्कान ट्रेवल्स
न्यू बस स्टैण्ड, कांकेर
मो. 9754659011, 9425259011

:: शोकाकुल ::
राजकुमार खटवानी (पति)
कु. स्मिता खटवानी (पुत्री)
रवि - मोहनी खटवानी (पुत्र-पुत्रवधु)
चाहत खटवानी (पोती), मन्नत खटवानी (पोती)
एवं समस्त खटवानी परिवार कांकेर